शुकराना गुरु जी तेरा शुकराना

शुकराना गुरु जी तेरा शुकराना,
हर पल करू मैं तेरा शुकराना,

सांसो की ये माला गुरु जी तेरे दम से है,
आँखों में उजाला गुरु जी तेरे दम से है,
मन उपवन हरयाला गुरु जी तेरे दम से है,
जीवन ज्योत में ज्वाला गुरु जी तेरे दम से है,
शुकराना गुरु जी तेरा शुकराना..........

भर भर हाथ लुटाता है जो तू वो दानी है,
तूने हमारे सरपसो की चादर तानी है,
घर में तेरे भक्तो के जो दाना पानी है,
ये सब तेरी देन है मेहरबानी है,
शुकराना गुरु जी तेरा शुकराना,

जबसे तेरे चरणों में शीश झुकाया है,
जो भी चाहा तेरी किरपा से वो ही पाया है,
ध्यान लगा के सोचा तो ये समज में आया है,
तेरे दम से ही ये सब माया शाया है,
शुकराना गुरु जी तेरा शुकराना,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7629/title/shukrana-guru-ji-tera-shukrana--har-pal-karu-main-tera-shukarana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |